

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## AMU में अफ्रीकी छात्र का हिंदी भाषण वायरल सेक्रेटरी बनने पर एसी और तीन टाइम चाय का वादा

अलीगढ़। Aligarh Muslim University (एएमयू) के नदीम तरीन (एनटी) हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अफ्रीकी छात्र अयूबा का हिंदी में दिया गया भाषण चर्चा का विषय बन गया। 29 अप्रैल को हुए इस कार्यक्रम में अयूबा ने मंच से छात्रों के लिए कई वादे किए, जिन्हें सुनकर पूरा हॉल तालियों और नारों से गूंज उठा। अयूबा ने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि वह ज्यादा वादे नहीं करेंगे, लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए एनेक्सी में पांच एसी लगवाएंगे और स्विमिंग पूल बनवाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने मजाकिया अंदाज में यह भी कहा कि एनटी हॉल से कॉलेज की दूरी को देखते हुए "मेट्रो स्टार्ट" कराएंगे। इसके अलावा वॉशिंग मशीन की सुविधा और "अगर मैं सेक्रेटरी बना तो तीन टाइम चाय मिलेगी" जैसे वादे कर छात्रों को खूब गुदगुदाया।



हिंदी में दिए गए उनके भाषण का अंदाज इतना रोचक था कि कई छात्र उन्हें फिल्म 3 Idiots के चर्चित किरदार Chatur Ramalingam से जोड़ने लगे। भाषण के अंत में जैसे ही अयूबा ने "अयूबा जिंदाबाद" के नारे लगाए, छात्र भी उत्साह में झूम उठे और "लॉन्ग लिव अयूबा" के नारे गूंजने लगे। कार्यक्रम के दौरान अयूबा पारंपरिक शेरवानी और काली टोपी में मंच पर पहुंचे, जिससे माहौल छात्रसंघ चुनाव जैसा नजर आने लगा। गौरतलब है कि एएमयू छात्रसंघ चुनावों में अब तक कोई भी विदेशी छात्र पदाधिकारी नहीं बना है। ऐसे में अयूबा के इस अंदाज ने छात्रों के बीच उत्सुकता और चर्चा दोनों बढ़ा दी हैं। हालांकि यह भाषण औपचारिक चुनावी घोषणा नहीं था, लेकिन उनके वादों और प्रस्तुति शैली ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। सोशल मीडिया पर भी उनका वीडियो तेजी से साझा किया जा रहा है और छात्र इसे हल्के-फुल्के, मनोरंजक अंदाज में देख रहे हैं।

## अलीगढ़ में बदला मौसम का मिजाज, बादल छाए, बारिश के आसार



अलीगढ़। भीषण गर्मी से जूझ रहे शहरवासियों को मौसम ने राहत दी है। 29 अप्रैल को हुई बारिश के बाद गुरुवार 30 अप्रैल की सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। तेज धूप की जगह हल्की ठंडी हवा चलने से मौसम सुहावना हो गया। तापमान में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को तपती गर्मी से कुछ राहत मिली। पिछले कुछ दिनों से पारा लगातार बढ़ रहा था और दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा नजर आने लगा था।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी घंटों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है। अगर ऐसा होता है तो गर्मी से और राहत मिल सकती है। वहीं, किसानों और आम नागरिकों को भी बदलते मौसम को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## Aligarh News: मुस्लिम परिवार ने कराई भागवत कथा, गांव में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब



अलीगढ़। जिले के गांव थानपुर के मजरा मुस्लिम मढ़ैया में इन दिनों सांप्रदायिक सौहार्द की अनोखी तस्वीर देखने को मिल रही है। यहां एक मुस्लिम परिवार अपनी बेटी के स्वस्थ होने की खुशी में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन करवा रहा है। 27 अप्रैल से शुरू हुई कथा का समापन 3 मई को होगा, जबकि 4 मई को भंडारे का आयोजन रखा गया है। कथा में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। मुस्लिम मढ़ैया में करीब 50 मुस्लिम परिवार निवास करते हैं। यहीं के रहने वाले मोहम्मद अजीज खान खेतीबाड़ी और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनकी चार बेटियां हैं। अजीज खान के अनुसार उनकी दूसरी बेटी महरूम (18) पिछले लगभग एक वर्ष से गंभीर रूप से बीमार थी। उसे बार-बार बेहोशी आ जाती थी और उसने खाना-पीना भी लगभग छोड़ दिया था। परिवार ने कई स्थानों पर उपचार कराया, लेकिन कोई विशेष लाभ नहीं मिला। इसी बीच किसी परिचित ने जट्टारी क्षेत्र के गांव सकतपुर हजियापुर स्थित एक आश्रम के महंत चेतन दास नागा जी के बारे में बताया। अजीज खान अपनी बेटी को वहां ले गए, जहां महंत ने देशी दवाओं से उपचार शुरू किया। करीब तीन माह पहले बेटी पूरी तरह स्वस्थ हो गई। इससे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।

बेटी के स्वस्थ होने पर परिवार ने महंत की इच्छा और अपनी श्रद्धा के चलते गांव में भागवत कथा कराने का निर्णय लिया। कथा का आयोजन गांव थानपुर और मुस्लिम मढ़ैया के बीच स्थित गांव के ही धनंजय सिंह के खेत में किया जा रहा है। कथा वाचन वृंदावन के महेशचंद शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें दोनों समुदायों की महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर भाग लिया। कथा पंडाल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मुस्लिम महिलाएं भी कथा में शामिल होकर भक्ति गीतों पर नृत्य करती दिखाई दे रही हैं। मोहम्मद अजीज खान का कहना है कि यह आयोजन किसी के दबाव या कहने पर नहीं, बल्कि अपनी अंतरात्मा की आवाज और बेटी के स्वस्थ होने की खुशी में कराया जा रहा है। गांव में इस आयोजन को गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल के रूप में देखा जा रहा है। जहां एक ओर धार्मिक आयोजन हो रहा है, वहीं दूसरी ओर दोनों समुदायों की साझा भागीदारी सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश दे रही है।

## Aligarh News

### ननिहाल में आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत, जहरखुरानी की आशंका



अलीगढ़। जिले के गांव सुनाना में ननिहाल आए एक युवक की विषाक्त पदार्थ के सेवन से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मामले में जहरखुरानी की आशंका भी जताई जा रही है। गांव निवासी गोविंद के अनुसार, नोएडा के ईकोटेक-3 क्षेत्र (हल्द्वानी निवासी) का रहने वाला 22 वर्षीय लक्की पुत्र बबली सोमवार शाम करीब छह बजे घर के पास चबूतरे पर बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। उसके मुंह से झाग निकल रहे थे और पास में उसका बैग भी रखा था। ग्रामीणों की सूचना पर उसकी मां ऊषा देवी ने उसे पहचान लिया। आनन-फानन में परिजन उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां मंगलवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर युवक के पिता और भाई भी पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि लक्की फैक्टरी से पांच दिन की छुट्टी लेकर नानी से मिलने आया था। उसने विषाक्त पदार्थ क्यों सेवन किया, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। युवक दो भाइयों में छोटा था और उसकी मां का पहले ही निधन हो चुका है। थाना प्रभारी धीरज यादव ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**नगला मेवात में युवक ने की आत्महत्या**

वहीं, जवां क्षेत्र के गांव नगला मेवात में मंगलवार दोपहर एक युवक ने कथित रूप से नशीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, साहुल पुत्र मोहम्मद उमर ने गृह कलह के चलते दोपहर करीब 12 बजे कोई नशीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# Aaj Ka Rashifal 30 April: इन चार राशियों के जीवन में आ सकता है बड़ा परिवर्तन

30 April Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 30 अप्रैल 2026 का राशिफल।30 अप्रैल को वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि है जो रात 09 बजकर 12 मिनट तक रहेगी। इसके बाद पूर्णिमा तिथि की शुरुआत होगी। इस दिन चित्रा नक्षत्र, सिद्धि योग, रवि योग, आडल और विडाल योग का संयोग बन रहा है।



### मेष



आज का दिन आपको समझदारी का इम्तिहान देगा। खर्चों पर कंट्रोल रखना होगा और हर कदम सोच-समझकर उठाना होगा। सेहत को हल्के में न लें, और परिवार के मामलों को शांति से सुलझाएं। जीवनसाथी की परेशानी दूर होती दिखेगी, लेकिन उधार लिया धन वापस मांग लिया जाए तो हैरान न हों। बड़ा रिस्क लेने से बचना ही समझदारी होगी।

### वृषभ



आज किस्मत आपका साथ देने के मूड में है। जिस काम में हाथ डालेंगे, सफलता आपके कदम चूमेगी। निवेश से फायदा मिलेगा और बिजनेस में रफ्तार बढ़ेगी। बस रिश्तों में संतुलन बनाए रखें। खासकर जीवनसाथी और माता जी के साथ शब्दों का ध्यान रखें, वरना छोटी बात बड़ा रूप ले सकती है।

### मिथुन



आज दिमाग आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और पुराने पैसे भी वापस मिल सकते हैं। आप अपने फैसलों से दूसरों को चौंका देंगे। घूमने-फिरने का प्लान बनेगा और पुण्य कार्यों में मन लगेगा। बस एक बात याद रखें। जल्दबाजी आपका खेल बिगाड़ सकती है।

### कर्क



आज अधूरे काम पूरे करने का दिन है, नहीं तो आगे चलकर परेशानी बन सकते हैं। वाहन चलाते समय खास सावधानी रखें। वैवाहिक जीवन में थोड़ी दूरी महसूस हो सकती है, इसलिए बातचीत बनाए रखें। घर में किसी शुभ आयोजन की हलचल आपको व्यस्त रखेगी।

### सिंह



आज आपकी पहचान और प्रभाव बढ़ने वाला है। मीठी वाणी से सम्मान मिलेगा और ऑफिस में सहयोगियों का पूरा साथ मिलेगा। आप आगे बढ़ेंगे, लेकिन मन में किसी के लिए जलन न रखें। यात्रा के दौरान अपने सामान का ध्यान रखें, और फोकस बनाए रखने की कोशिश करें।

### कन्या



आज भागदौड़ भरा दिन रहेगा। काम के चलते यात्राएं होंगी और थकान महसूस हो सकती है। परिवार को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी, खासकर पैतृक संपत्ति के मामलों में सतर्क रहें। जो जिम्मेदारी मिले, उसे पूरी ईमानदारी से निभाएं। वरना बड़े नाराज हो सकते हैं।

### तुला



आज खुशियों की दस्तक आपके घर आ सकती है। परिवार में नए सदस्य के आने या शादी-ब्याह की तैयारियों से माहौल खुशनुमा रहेगा। लेकिन हर बात हर किसी से शेयर न करें।कुछ लोग इसका फायदा उठा सकते हैं। दूसरों की बातों में आकर फैसले लेना नुकसानदेह हो सकता है।

### वृश्चिक



आज का दिन खुशी और व्यस्तता दोनों साथ लाएगा। काम का दबाव थोड़ा परेशान करेगा, लेकिन छोटे-छोटे फायदे आपको संतुष्ट रखेंगे। पड़ोस में विवाद जैसी स्थिति बन सकती है, इसलिए शांत रहें। करियर को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें। विद्यार्थियों को मेहनत ज्यादा करनी होगी।

### धनु



आज अवसरों की बरसात हो सकती है। आय के नए रास्ते खुलेंगे और पुराना दोस्त मिलकर दिल खुश कर देगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। बस उधार लेने से पहले सोच लें। चुकाने में परेशानी हो सकती है।

### मकर



आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। जल्दबाजी में लिए फैसले नुकसान करा सकते हैं। पुराने दोस्त से मुलाकात मन को खुशी देगी और दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। लोन मिलने के योग हैं, लेकिन समय और पैसे दोनों का सही प्रबंधन जरूरी है।

### कुंभ



आज बिजनेस में फायदा तो होगा, लेकिन कुछ तकनीकी अड़चनें परेशान कर सकती हैं। अनुभव का सही इस्तेमाल आपको आगे बढ़ाएगा। ससुराल पक्ष से कोई मिलने आ सकता है, लेकिन निजी बातें शेयर करने से बचें। छोटी यात्रा के योग हैं और जीवनसाथी से पारदर्शिता बनाए रखें।

### मीन



आज मेहनत ही आपकी पहचान बनाएगी। दोस्त से मुलाकात और परिवार के साथ समय आपको खुश रखेगा। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक पल बिताने का मौका मिलेगा। जरूरत पड़ने पर आर्थिक मदद भी मिल जाएगी। किसी समस्या का समाधान पाने के लिए अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

# UP Weather:आंधी-बारिश से खुशनुमा हुई सुबह, बदला प्रदेश का मौसम, अगले 24 घंटे के लिए चेतावनी जारी



यूपी में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने मौसम बदल दिया है। लोगों को भीषण गर्मी और तपिश से राहत मिली है। आगामी 24 घंटे के मौसम को लेकर अनुमान जारी किया गया है।यूपी में बीते 24 घंटे में हुए मौसम में बदलाव ने लोगों को भीषण गर्मी और तपिश से राहत दी है। प्रदेश के कई जिलों में तेज हवाओं, ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई। बृहस्पतिवार सुबह भी खुशनुमा रही और ठंड हवाओं ने लोगों को राहत दी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अगले 24 घंटे बारिश और ओलावृष्टि की संभावना बनी रहेगी

मौसम विभाग के अनुसार, बृहस्पतिवार को भी प्रदेश के करीब 35 जिलों में गरज-चमक और बूंदाबांदी की संभावना है। वहीं, 11 जिलों में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। वहीं, बुधवार को हुई बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें तो गोरखपुर में 19.2 मिमी, प्रयागराज में 11.2 मिमी और वाराणसी में 9 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अमेठी और आजमगढ़ में 5 मिमी बारिश हुई। कई जिलों, जिनमें लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव और रायबरेली शामिल हैं, से ओलावृष्टि की भी सूचना मिली।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार मध्य क्षोभमंडल में उत्तरी पाकिस्तान और जम्मू-कश्मीर के आसपास बने चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पूरे प्रदेश में यह बदलाव देखने को मिला। अगले 24 घंटे तक मौसम का यही रुख बने रहने के संकेत हैं।बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर महोबा, झांसी, ललितपुर व आस पास के क्षेत्र।बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, भदोही, कन्नीज, कानपुर देहात, कानपुर नगर व आस पास के क्षेत्र

# UP: बुलंदशहर ट्रिपल मर्डर का मुख्य आरोपी जीतू सैनी मुठभेड़ में ढेर, गोली लगने से दो पुलिसकर्मी भी हुए घायल



बुलंदशहर के खुर्जा में 25 अप्रैल की रात हुए तिहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी जीतू सैनी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। यह मुठभेड़ आज सिकंदरपुर गांव के पास हुई, जिसमें जीतू सैनी गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।बुलंदशहर के खुर्जा में सुभाष मार्ग स्थित जिम पर 25 अप्रैल की रात को हुए तिहरे हत्याकांड में मुख्य आरोपीय जीतू सैनी और पुलिस के बीच बृहस्पतिवार सुबह सिकंदरपुर गांव के पास मुठभेड़ हुई। इसमें जीतू सैनी के दो गोली लगी, जिसको घायल अवस्था में जटिया अस्पताल लाया गया। वहां से उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।अस्पताल में उपचार के दौरान जीतू सैनी की मौत हो गई। वहीं मुठभेड़ के दौरान स्वाट टीम प्रभारी मोहम्मद असलम और सिपाही मोहित मलिक के भी गोली लगी, जिनको जटिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस टीम जीतू के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। इससे पहले, बुधवार को भी कोतवाली पुलिस और तिहरे हत्याकांड के दो आरोपी 50-50 हजार रुपये इनामी रिंकू व भारत के बीच मंगलवार रात को मुठभेड़ हुई थी। इसमें रिंकू दाएं और भारत के बाएं पैर में गोली लगी। आरोपियों के पास से पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी की डीबीआर, एक अवैध पिस्टल, एक तमंचा व कारतूस बरामद किए।सीओ खुर्जा शोभित कुमार ने बताया कि 25 अप्रैल की रात को जिम पर जन्मदिन पार्टी के दौरान हुई फायरिंग में तीन युवकों की हत्या कर दी गई थी। इसमें तीन आरोपी पूर्व में जेल जा चुके हैं। शेष अन्य आरोपियों की पुलिस टीम तलाश कर रही है। मंगलवार रात को करीब 11 बजे पुलिस ने वांछित रिंकू सैनी उर्फ रिंकेश और भारत सैनी को जीटी रोड से गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस टीम आरोपियों की निशानदेही से सीसीटीवी की डीबीआर और हथियार बरामद करने जा रही


## Aakhri Sawal: सेंसर बोर्ड के पचड़े में फंसी 'आखिरी सवाल'! क्या पोस्टपोन हुआ फिल्म का ट्रेलर?



एंटरटेनमेंट डेस्क। Sanjay Dutt की अपकमिंग कोर्टरूम ड्रामा फिल्म Aakhri Sawal रिलीज से पहले ही चर्चा में है। फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में आने वाली है, लेकिन इसका ट्रेलर तय तारीख 30 अप्रैल को रिलीज नहीं हो सका। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रेलर को Central Board of Film Certification (सीबीएफसी) से मंजूरी नहीं मिल पाई, जिसके चलते इसकी रिलीज टाल दी गई है। खबर है कि सेंसर बोर्ड ने ट्रेलर में कुछ बदलाव सुझाए हैं। जब तक आवश्यक संशोधन नहीं किए जाते, ट्रेलर को हरी झंडी नहीं मिलेगी। हालांकि, मेकर्स ने नई रिलीज डेट का आधिकारिक एलान अभी तक नहीं किया है। इससे पहले जारी किए गए टीजर में ऐतिहासिक घटनाओं का जिक्र दिखाया गया था, जिसमें Mahatma Gandhi की हत्या के बाद लगे प्रतिबंध और बाबरी मस्जिद विध्वंस जैसे संवेदनशील मुद्दों की झलक शामिल थी। बताया जा रहा है कि फिल्म 1925 में स्थापित Rashtriya Swayamsevak Sangh (आरएसएस) के 100 साल के सफर से प्रेरित है, जिस वजह से कंटेंट को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। फिल्म में संजय दत्त के साथ Amit Sadh, Namashi Chakraborty, Sameera Reddy, Tridha Choudhury और Neetu Chandra अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अभिजीत मोहन वारंग ने किया है, जबकि निर्माण निखिल नंदा और संजय दत्त ने किया है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि संशोधन के बाद ट्रेलर कब रिलीज किया जाएगा और फिल्म तय तारीख पर सिनेमाघरों में दस्तक दे पाएगी या नहीं।

## बॉक्स ऑफिस: 'भूत बंगला' की रफ्तार धीमी







एंटरटेनमेंट डेस्क। बॉक्स ऑफिस पर बुधवार का दिन फिल्मों के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा। Akshay Kumar की हॉरर-कॉमेडी Bhooth Bangla ने रिलीज के 13वें दिन 3.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। हालांकि यह आंकड़ा 12वें दिन की 4.35 करोड़ रुपये की कमाई से कम है, जिससे साफ है कि फिल्म की रफ्तार अब थोड़ी धीमी पड़ रही है। इसके बावजूद फिल्म का कुल कलेक्शन 124.50 करोड़ रुपये पहुंच चुका है और यह 100 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है। दूसरी ओर Ginny Weds Sunny 2 बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष करती नजर आ रही है। फिल्म ने छठे दिन महज 9 लाख रुपये कमाए, जबकि पांचवें दिन इसकी कमाई 10 लाख रुपये रही थी। अब तक फिल्म का कुल कलेक्शन 1.52 करोड़ रुपये है, जो उम्मीदों के मुकाबले काफी कम माना जा रहा है। लंबे समय से सिनेमाघरों में टिकी Dhurandhar 2 का प्रदर्शन अब भी मजबूत बना हुआ है। 42वें दिन फिल्म ने 1 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जबकि 41वें दिन यह आंकड़ा 1.30 करोड़ रुपये था। फिल्म की कुल कमाई 1,133.94 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है, जो इसे साल की बड़ी हिट फिल्मों में शामिल करती है। साउथ इंडियन फिल्म Dakuet की कमाई अब लाखों में सिमट गई है। 20वें दिन फिल्म ने 23 लाख रुपये कमाए और कुल कलेक्शन 35.89 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं हॉलीवुड फिल्म Michael, जो मशहूर पॉप स्टार Michael Jackson की जिंदगी पर आधारित है, भारतीय बॉक्स ऑफिस पर स्थिर प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने छठे दिन 2.30 करोड़ रुपये कमाए, जबकि पांचवें दिन इसका कलेक्शन 2.40 करोड़ रुपये था। अब तक यह फिल्म भारत में 23.45 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है। कुल मिलाकर बुधवार को जहां 'भूत बंगला' की कमाई में गिरावट देखने को मिली, वहीं 'धुरंधर 2' ने अपनी पकड़ बनाए रखी और 'माइकल' भी दर्शकों का ध्यान खींचने में सफल रही।

## मामी सुनीता से पहली बार मिले कृष्णा के बेटे, पैर छूते ही भावुक हुईं गोविंदा की पत्नी

एंटरटेनमेंट डेस्क। करीब 14 साल तक चले मनमुटाव के बाद अब Govinda के परिवार में रिश्तों की दूरियां कम होती नजर आ रही हैं। हाल ही में 'लाफ्टर शेफ' रियलिटी शो के सेट पर गोविंदा की पत्नी Sunita Ahuja और उनके भांजे Krushna Abhishek के बीच भावुक मुलाकात देखने को मिली। खास बात यह रही कि इसी मौके पर कृष्णा ने पहली बार अपने दोनों बेटों की मुलाकात अपनी मामी सुनीता आहूजा से करवाई। प्रोमो वीडियो में कृष्णा कहते नजर आते हैं कि उनके दोनों बेटे पहली बार अपनी मामी से मिल रहे हैं। जैसे ही बच्चों ने सुनीता आहूजा के पैर छुए, वह भावुक हो गईं और दोनों पर जमकर प्यार लुटाया।



उन्होंने बच्चों को गले लगाया और दुलार किया। सेट पर मौजूद बाकी कलाकार भी इस फैमिली रीयूनियन को देखकर इमोशनल हो गए।इस दौरान कृष्णा की पत्नी Kashmera Shah ने माहौल को हल्का करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा, "बच्चों, आप मम्मी से डरते हैं, अब इनसे मिलो, जिनसे मम्मी डरती है।" उनकी इस बात पर सेट पर ठहाके गूंज उठे। गौरतलब है कि कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह ने साल 2013 में शादी की थी। साल 2017 में सरोगेसी के जरिए उनके जुड़वां बेटे हुए, जिनका नाम रायान और कृशांग है। लंबे समय से परिवार में चली आ रही खटास के बाद यह मुलाकात रिश्तों में आई मिठास की नई शुरुआत मानी जा रही है।

## बिपाशा-करण ने मनाई शादी की 10वीं सालगिरह





एंटरटेनमेंट डेस्क। Bipasha Basu और Karan Singh Grover ने आज अपनी शादी की 10वीं सालगिरह सेलिब्रेट की। इस खास मौके पर बिपाशा ने सोशल मीडिया पर पति करण और बेटी देवी के साथ कई रोमांटिक और फैमिली तस्वीरें शेयर कीं। तस्वीरों में तीनों बेहद खुश नजर आ रहे हैं। बिपाशा ने अपने पोस्ट में करण को "सबसे प्यारे पति" बताते हुए लिखा कि भगवान जानते थे उन्हें जीवन में किसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। उन्होंने कहा कि करण ने उनके जीवन को प्यार, सादगी और छोटी-छोटी खुशियों से भर दिया है। एक्ट्रेस ने भावुक अंदाज में लिखा, "मैं और देवी दुनिया की सबसे भाग्यशाली लड़कियां हैं। 10वीं एनिवर्सरी की हार्दिक शुभकामनाएं।" पोस्ट में शादी के दिन की झलकियां, छुट्टियों के खास पल और बेटी देवी के जन्म के बाद की यादें भी शामिल हैं। फैंस और सेलेब्स कपल को सोशल मीडिया पर शादी की सालगिरह की बधाइयां दे रहे हैं।

## बेटी मालती की परवरिश पर बोलीं प्रियंका चोपड़ा



Priyanka Chopra ने हाल ही में बेटी मालती की परवरिश को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि वह अपनी बेटी को एक बहुसांस्कृतिक माहौल में बड़ा कर रही हैं, जहां भारतीय परंपराएं और अमेरिकी जीवनशैली दोनों साथ-साथ चलती हैं। प्रियंका का कहना है कि वह चाहती हैं कि मालती अपनी भारतीय जड़ों से जुड़ी रहे और दोनों संस्कृतियों को समझते हुए बड़ी हो। प्रियंका ने कहा कि उन्हें अपने देश, संस्कृति और खान-पान से बेहद लगाव है और वह पूरी तरह भारतीय हैं, लेकिन उनका परिवार अब अमेरिकी परिवेश का भी हिस्सा है क्योंकि वे अमेरिका में रहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पति Nick Jonas भारतीय संस्कृति का सम्मान करते हैं और हर त्योहार को पूरे उत्साह से मनाते हैं—चाहे होली हो या थैंक्सगिविंग। प्रियंका का मानना है कि बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़कर रखना बेहद जरूरी है, ताकि वे अपनी पहचान और विरासत पर गर्व कर सकें।

# West Asia:

## इस तारीख से दोहा के लिए उड़ानें शुरू करेंगी भारतीय एयरलाइंस, दूतावास ने चेतावनी भी जारी की



### दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में क्या लिखा?

भारत की तीन प्रमुख एयरलाइंस एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो द्वारा दोहा के लिए उड़ानें शुरू करने की उम्मीद है, जो दोहा को भारत के कई प्रमुख महानगरों और क्षेत्रीय केंद्रों से फिर जोड़ेंगी। दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल साइट 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, 'जैसे-जैसे उड़ान संचालन का विस्तार जारी है, भारतीय एयरलाइंस हमद इंटरनेशनल एयरपोर्ट दोहा में अपनी सेवाएं फिर शुरू करने की योजना बना रही हैं। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो 1 मई से दोहा और भारत के विभिन्न गंतव्यों के बीच उड़ान सेवाएं फिर से शुरू करेंगी।'इससे वाणिज्यिक बीमा कंपनियों को क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की धीरे-धीरे वापसी की अनुमति देने में मदद मिली है।

पश्चिम एशिया संकट के बीच एक राहत की खबर सामने आई है। दरअसल भारतीय एयरलाइंस जल्द ही दोहा के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करने वाली हैं। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। पश्चिम एशिया संकट के बीच एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल भारत की प्रमुख एयरलाइंस 1 मई से दोहा के हमद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पूर्ण स्तर पर परिचालन बहाल करने की तैयारी कर रही हैं। यह पश्चिम एशिया क्षेत्र में हवाई संपर्क के सामान्य होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 28 फरवरी को शुरू हुए अमेरिका-इस्राइल के ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दो महीने बाद यह सेवाएं फिर शुरू हो रही हैं। भारतीय दूतावास ने यह भी बताया कि यह कदम वैश्विक विमानन प्राधिकरणों के समन्वित प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में परिचालन को स्थिर और सामान्य करना है। साथ ही, दूतावास ने चेतावनी दी कि उड़ान कार्यक्रम अभी भी समन्वय प्रक्रिया पर निर्भर हैं,

# Gold-Silver Price

## सोना-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट

### सोना 1800 रुपये और चांदी 6500 रुपये टूटी



सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मजबूत होते अमेरिकी डॉलर के कारण वैश्विक बाजारों में हलचल मची, जिसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये (1.15 प्रतिशत) गिरकर 1,54,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को सोना 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई। चांदी 6,500 रुपये (लगभग 3 प्रतिशत) टूटकर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी ने बताया कि बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी है, जिससे ब्याज दरों के तक ऊंचे रहने की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। इसके कारण बॉन्ड यील्ड में भी बढ़ोतरी हुई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा है।इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित प्रमुख केंद्रीय बैंकों के फैसलों से पहले व्यापारी अपनी स्थिति कम कर रहे हैं, जिससे कीमतों पर और दबाव पड़ा है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। स्पॉट गोल्ड 95.37 डॉलर (2.04 प्रतिशत) गिरकर 4,586.50 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2.33 डॉलर (3.09 प्रतिशत) गिरकर 73.18 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।निवेशक अब प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे,जिसमें एडीपी साप्ताहिक रोजगार के आंकड़े और कॉन्फ्रेंस बोर्ड विश्वास के आंकड़े शामिल हैं।

# कच्चे तेल में भारी उछाल:

## ब्रेंट क्रूड 125 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर




### अमेरिका-ईरान विवाद और गहराता भू-राजनीतिक संकट

इस ऊर्जा संकट के पीछे अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव एक प्रमुख कारण है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है जिसमें होर्मुज़ जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की पेशकश की गई थी; ट्रंप का स्पष्ट कहना है कि जब तक कोई व्यापक परमाणु समझौता नहीं हो जाता, तब तक रोक जारी रहेगी। नाकेबंदी के संभावित प्रभावों को कम करने के लिए ट्रंप ने तेल कंपनियों के साथ बैठक भी की है।इसके साथ ही, ट्रंप ने अपने 'ट्रुथ सोशल' प्लेटफॉर्म पर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि उसे "जल्द समझदारी दिखानी चाहिए"। इस पोस्ट में एक एआई-जनरेटेड तस्वीर भी साझा की गई, जिसमें ट्रंप को बंदूक पकड़े हुए दिखाया गया है और पीछे विस्फोट हो रहे हैं, साथ ही "नो मोर मिस्टर नाइस गाय!" का संदेश लिखा गया है। विश्लेषकों ने इस स्थिति को दुनिया के अब तक के सबसे बड़े ऊर्जा व्यवधान के रूप में वर्णित किया है, जिसमें हजारों लोगों की जान जा चुकी है। जून अनुबंध के लिए ब्रेंट क्रूड वायदा 1.91 डॉलर (1.62 प्रतिशत) बढ़कर 119.94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जो लगातार नौवें दिन बढ़त की राह पर है। जुलाई का अधिक सक्रिय अनुबंध 0.85 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 111.38 डॉलर पर कारोबार कर रहा है

कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल, ब्रेंट क्रूड $120 के पार। अमेरिका-ईरान तनाव, ओपेक से यूएई के बाहर होने और भारतीय कॉरपोरेट्स पर इसके प्रभाव की पूरी रिपोर्ट पढ़ें।अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर भारी तेजी दर्ज की गई है। गुरुवार को ब्रेंट क्रूड ऑयल उछलकर 120 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है, जो वर्ष 2022 के बाद का सबसे उच्चतम स्तर है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में गतिरोध और ईरानी बंदरगाहों व निर्यात पर अमेरिका की लंबी नाकेबंदी की चिंताओं के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका से यह भारी उछाल आया है। आपूर्ति के मोर्चे पर स्थिति और जटिल होती जा रही है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमलों के बाद से तेहरान ने खाड़ी क्षेत्र से होर्मुज़ जलडमरूमध्य के रास्ते अपने जहाजों को छोड़कर बाकी सभी शिपिंग को रोक दिया है। इसके जवाब में अमेरिका ने भी इसी महीने से ईरानी जहाजों की नाकेबंदी शुरू कर दी है।इस बीच, एक बड़ा रणनीतिक बदलाव यह हुआ है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 1 मई से ओपेक (OPEC) और ओपेक+ (OPEC+) गठबंधन से बाहर निकल रहा है। इस कदम से कीमतों को नियंत्रित करने की ओपेक की क्षमता कमजोर होने की आशंका है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार रविवार को होने वाली बैठक में ओपेक+ देश तेल उत्पादन कोटा में लगभग 1,88,000 बैरल प्रतिदिन की मामूली वृद्धि पर सहमति जता सकते हैं। अस्थिरता देखने को मिल सकती है।

# Dollar vs Rupees:

## क्रूड में उबाल से रुपये में ऐतिहासिक गिरावट

### डॉलर के मुकाबले 95.20 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर



डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 32 पैसे टूटकर 95.20 के सर्वकालिक निचले स्तर (ऑल-टाइम लो) पर आ गया है। इस भारी गिरावट के पीछे मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, मजबूत अमेरिकी डॉलर और पश्चिम एशिया में गहराता भू-राजनीतिक तनाव है। मुद्रा बाजार में मचे इस हाहाकार के बीच घरेलू शेयर बाजारों में भी भारी बिकवाली देखने को मिली है। दरअसल, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कोई बदलाव न करने के फैसले और वाशिंगटन व तेहरान के बीच कूटनीतिक विवाद बढ़ने के कारण सुरक्षित निवेश के तौर पर अमेरिकी डॉलर की मांग में काफी इजाफा हुआ है। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्स भी 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.96 पर कारोबार कर रहा था।निचले स्तर पर बंद हुआ था।

## IPL 2026: 200+ रन भी अब सुरक्षित नहीं! इस सीजन चेज का हर पुराना रिकॉर्ड टूटा बुमराह का चौथा सबसे महंगा स्पेल

आईपीएल 2026 में बल्लेबाजों का दबदबा साफ दिख रहा है, जहां 200+ स्कोर भी सुरक्षित नहीं रहे। इस सीजन में रिकॉर्ड संख्या में बड़े चेज हो रहे हैं। एसआरएच ने 244 रन का लक्ष्य हासिल कर इतिहास रचा, जबकि बुमराह का महंगा स्पेल और वानखेड़े में छक्कों की बारिश इस मैच की बड़ी खासियत रही। आईपीएल 2026 में बल्लेबाजी का ऐसा तूफान देखने को मिल रहा है, जहां 200+ स्कोर भी अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं। मुंबई के वानखेड़े में सनराइजर्स हैदराबाद ने 244 रन का लक्ष्य हासिल कर इतिहास रच दिया और यह टीम की आईपीएल में 100वीं जीत भी रही। इस मुकाबले ने न सिर्फ चेज के रिकॉर्ड्स तोड़े, बल्कि गेंदबाजों के लिए मुश्किलें और बढ़ा दीं, जिसका उदाहरण जसप्रीत बुमराह का महंगा स्पेल भी रहा। आईपीएल 2026 में 200 या उससे ज्यादा के टारगेट का पीछा करना आम बात बन गया है। इस सीजन में अब तक 10 बार 200+ रन सफलतापूर्वक चेज किए जा चुके हैं, जो किसी भी एक सीजन में सबसे ज्यादा है। इससे पहले 2025 में नौ, 2023 में आठ और 2024 में छह बार ऐसा हुआ था। और अगर पिछले चार सीजन (2023-2026) को देखें तो



इस दौरान अब तक (2026 का सीजन जारी है) कुल 33 बार 200+ स्कोर चेज हुए हैं, जबकि 2008 से 2022 तक के पहले 15 सीजन में यह आंकड़ा सिर्फ 15 था। यह साफ दिखाता है कि टी20 क्रिकेट का अंदाज पूरी तरह बदल चुका है। दिलचस्प बात यह है कि 2025 के बाद से 200+ रन के 19 सफल चेज में से सिर्फ पांच मुकाबले ही आखिरी ओवर तक पहुंचे हैं और इनमें से भी कोई भी मैच 19.3 ओवर से आगे नहीं गया। यानी टीमें अब बड़े लक्ष्य को भी आराम से और तेजी से हासिल कर रही हैं

## IPL 2026: पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के बुरे हाल पर अश्विन भी हैरान प्लेऑफ में पहुंचना बेहद मुश्किल

आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस का खराब प्रदर्शन जारी है। आठ में छह हार के बाद टीम का प्लेऑफ में पहुंचना मुश्किल दिख रहा है। अश्विन ने टीम के खेल पर हैरानी जताई, जबकि कप्तान हार्दिक पांड्या ने गलतियों को स्वीकार किया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 243 रन बनाकर भी हार ने स्थिति और खराब कर दी। आईपीएल 2026 में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन हर किसी को चौंका रहा है। टीम ने अब तक आठ मैचों में छह हार झेली है और प्लेऑफ की राह लगभग मुश्किल हो चुकी है। हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 243 रन बनाने के बावजूद हार ने स्थिति और गंभीर कर दी। इस प्रदर्शन पर अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी हैरानी जताई है। मुंबई इंडियंस के लिए यह सीजन अब तक बेहद निराशाजनक रहा है। सिर्फ दो जीत के साथ टीम अंक तालिका में नीचे है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए आमतौर पर 16 अंक जरूरी माने जाते हैं, ऐसे में मुंबई को अपने बचे हुए सभी छह मुकाबले जीतने होंगे। हालांकि इसके बाद भी टीम को दूसरे नतीजों



भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मुंबई के प्रदर्शन पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, 'मैं इस सीजन मुंबई के खेल को देखकर हैरान हूं। मेरा दिमाग समझ नहीं पा रहा कि यह कैसे संभव है। सच कहूं तो मुंबई इंडियंस को देखकर मुझे उनके लिए दुख होता है। टूर्नामेंट से पहले यह मेरी पसंदीदा टीम थी, लेकिन कई बार लगा कि यह उनका मैच है, पर ऐसा हुआ नहीं। मुंबई इंडियंस वापसी करेगी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो पाया।' जब अश्विन से पूछा गया कि क्या मुंबई लगातार छह मैच जीत सकती है, तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता

## MI vs SRH Playing 11: हैदराबाद के खिलाफ रोहित रहेंगे उपलब्ध? कैसी हो सकती है दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

MI vs SRH Playing 11 Today Prediction: मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच में यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित शर्मा इसका हिस्सा होते हैं या नहीं। रोहित चोट के कारण पिछले कुछ मैचों से बाहर हैं। सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच बुधवार को आईपीएल 2026 का मुकाबला खेला जाएगा। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अगर अपनी किस्मत पलटनी है तो इस महत्वपूर्ण मुकाबले में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस मैच में यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा प्लेइंग-11 में शामिल होते हैं या नहीं। रोहित शर्मा 12 अप्रैल से हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) चोट के कारण मैदान से बाहर हैं, हालांकि उन्होंने नेट सत्र में कई बार बल्लबाजी की है। टीम प्रबंधन के अनुसार, उनके खेलने पर फैसला



मैच से पहले टॉस के समय लिया जाएगा। मुंबई की टीम की चिंता भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के चार खिलाड़ियों में शामिल कप्तान हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव का खराब प्रदर्शन है। तिलक वर्मा के गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल में पहले शतक से मुंबई लगातार चार मैचों में हार का सिलसिला तोड़ने में सफल रहा था लेकिन चेन्नई से मिली करारी हार ने एक बार फिर उसके लड़खड़ाते अभियान को और भी मुश्किल में डाल दिया। मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है। वह अभी तक केवल दो विकेट ले पाए हैं।

## MI Vs SRH: हैदराबाद के खिलाफ रोहित के खेलने पर क्यों है संशय? सूर्यकुमार यादव ने किया जमकर अभ्यास

मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बुधवार को आईपीएल 2026 का मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में रोहित शर्मा के खेलने पर संशय है। वहीं, सूर्यकुमार यादव ने नेट्स पर जमकर पसीना बहाया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मुकाबले की पूर्व संध्या पर मुंबई इंडियंस के दिग्गज बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने लय की तलाश में मंगलवार को नेट सत्र में जमकर पसीना बहाया। सूर्यकुमार यादव पहले खराब दौर से गुजर चुके हैं। पिछले साल खराब फॉर्म में रहने के बाद उन्होंने इस साल जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में तीन अर्धशतक के साथ वापसी की थी और फिर टी20 विश्व कप में भारत की अमेरिका के खिलाफ शुरुआती जीत में भी अहम पारी खेली थी। भारतीय टी20 टीम के इस कप्तान ने तब लय हासिल करने के लिए सोशल मीडिया से दूरी और लगभग तीन सप्ताह का ब्रेक लिया था।



आईपीएल के व्यस्त सत्र के बीच हालांकि ऐसा ब्रेक लेना संभव नहीं है, इसलिए उनके लिए नेट सत्र ही वापसी का रास्ता बनते दिख रहे हैं। मुंबई टीम के जामनगर से दो दिन के दौरे के बाद लौटने पर खिलाड़ियों ने तुरंत अभ्यास किया, जिसमें सूर्यकुमार के साथ पूर्व कप्तान रोहित शर्मा भी शामिल थे, हालांकि उनकी उपलब्धता पर अभी भी सवाल कायम है। सूर्यकुमार ने मंगलवार को निर्धारित समय शाम छह बजे से काफी पहले ही नेट में बल्लेबाजी का अभ्यास शुरू कर दिया था। उन्होंने लगभग डेढ़ घंटे तक अभ्यास किया।बाद में उनके साथ ईशान किशन भी जुड़ गए।

## IPL की भागदौड़ में भी गुरु को नहीं भूले कोहली: बचपन के कोच के लिए दिल्ली में रुके अकादमी उद्घाटन में पहुंचे

आईपीएल 2026 की व्यस्तता के बीच विराट कोहली ने अपने बचपन के कोच राजकुमार शर्मा के लिए खास समय निकाला। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के बाद कोहली ने जल्दी रवाना होने के बजाय दिल्ली में रुककर वेस्ट दिल्ली क्रिकेट अकादमी की नई शाखा का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को सपनों के प्रति ईमानदार रहने और पूरी मेहनत से लक्ष्य पाने की सलाह दी। आईपीएल की भागदौड़ में भी गुरु को नहीं भूले विराट कोहली, बचपन के कोच के लिए रुक गए दिल्ली में आईपीएल 2026 के व्यस्त कार्यक्रम, लगातार मैचों और यात्रा के बीच विराट कोहली ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कुछ रिश्ते समय से बड़े होते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार जीत के एक दिन बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी अगली उड़ान टाल दी और राजधानी में रुककर अपने बचपन के कोच राजकुमार शर्मा के साथ खास पल साझा किया। सोमवार को कोहली ने दिल्ली पब्लिक स्कूल



आरके पुरम में वेस्ट दिल्ली क्रिकेट अकादमी (WDCA) की नई शाखा का उद्घाटन किया। यह वही अकादमी है, जहां से उनके क्रिकेट करियर की नींव रखी गई थी। आरसीबी का अगला मुकाबला गुरुवार को गुजरात टाइटंस से है, लेकिन इसके बावजूद कोहली ने अपने कार्यक्रम में बदलाव कर कोच राजकुमार शर्मा का सम्मान बढ़ाया। इस समारोह में डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विराट ने अकादमी के छात्रों को पुरस्कार दिए। कई बच्चे उन्हें देखकर उत्साहित नजर आए। एक भावुक पल तब आया जब एक छात्र ने कोहली के पैर छूने की कोशिश की, लेकिन विराट ने तुरंत उसे रोककर हाथ मिलाया और प्रोत्साहित किया। छात्रों को संबोधित करते हुए विराट कोहली ने अपने जीवन के शुरुआती फैसलों को याद किया और युवाओं को सपनों के प्रति ईमानदार रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'मैंने अपने जीवन में बहुत जल्दी खेल को चुना था, लेकिन वह फैसला पूरी ईमानदारी से लिया गया था। मुझे पूरा भरोसा था कि मुझे क्रिकेट में आगे बढ़ना है और इसके लिए मुझे खुद से, अपने परिवार से और अपने शिक्षकों से ईमानदारी से कहना था कि यही रास्ता मैं चुनना चाहता हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'अपने सपनों के प्रति ईमानदार रहिए, जो करना चाहते हैं उसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कीजिए। सिर्फ आप ही जानते हैं कि आप अपने लक्ष्य के प्रति 100 प्रतिशत ईमानदार हैं या नहीं।' विराट ने बताया कि यह अकादमी आज भी उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा, 'मैंने आठ साल की उम्र में यहां अभ्यास शुरू किया था

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

